# दलों की निष्क्रियता पर उठाए सवाल

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछे तीखे प्रश्न



**पटना, 22 अगस्त. बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने पूछा 22 लाख मृत वोटरों की पहचान तो हो गई, लेकिन 7 लाख डुप्लीकेट कैसे? राजनीतिक दल अपने बीएलए सक्रिय क्यों नहीं कर रहे.**

बिहार में चुनाव आयोग के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई. कोर्ट ने चुनाव आयोग की पहल पर संतोष जताया, लेकिन मृत और डुप्लीकेट वोटरों की संख्या पर चिंता जाहिर की. साथ ही, राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े किए. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान पर सुनवाई करते हुए कई गंभीर सवाल उठाए. अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग ने हलफनामा दायर कर दिशा-निर्देशों का पालन किया है, लेकिन 22 लाख मृत और 7 लाख डुप्लीकेट वोटर सामने आना चौंकाने वाला है. जस्टिस सूर्यकांत ने आश्चर्य जताते हुए पूछा कि जब 22 लाख मृत वोटरों की पहचान हो गई है, तो 7 लाख डुप्लीकेट क्यों मौजूद हैं. चुनाव आयोग ने जवाब दिया कि यह उसका दायित्व है कि दोहरे कार्ड न होने दे, खासकर उन लोगों का, जो बिहार से बाहर भी वोटर बने हैं.

> रूसी मिसाइल हमले में एक अमेरिकी निवेश को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बन गया है. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, यह हमला किसी सैन्य ठिकाने पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के रोजगार पर था. यह स्पष्ट संकेत है कि रूस शांति वार्ता में गंभीर नहीं है. गौरतलब है कि इस हमले से कुछ दिन पहले ही अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेंस्की से अलग-अलग मुलाकात की थी. माना जा रहा था कि इससे शांति वार्ता की शुरुआत हो सकती है.

# शुभांशु शुक्ला पहुंचे राष्ट्रपति भवन

**नई दिल्ली, 22 अगस्त. भारतीय अंतरिक्ष इतिहास में नया अध्याय रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की.**

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सफल यात्रा के बाद लौटे शुक्ला ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष बैठक के दौरान अंतरिक्ष में बिताए गए 20 दिनों के अनुभव साझा किए. उनके साथ इसरो के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक और अंतरिक्ष अधिकारी भी राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे. राष्ट्रपति भवन की ओर से इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गई, जिसमें लिखा गया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरिक्ष यात्रा से लौटे भारत के वैज्ञानिकों से मुलाकात की व गगनयान मिशन सहित भविष्य की उड़ानों के लिए बधाई दीं.



> शुक्ला ने बातचीत के दौरान बताया कि कैसे अंतरिक्ष में भारत के झंडे को फहराना उनके लिए गर्व का क्षण था. उन्होंने कहा, जब आप अंतरिक्ष से धरती को देखते हैं, तो समझ आता है कि सीमाएं केवल कागज़ पर होती हैं. यह मुलाकात न केवल एक सम्मान समारोह थी, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की तेजी से बढ़ती प्रगति का प्रतीक भी बन गई.

## कोलंबिया में गुरिल्ला हमला, 17 की मौत

**कोलंबिया, 22 अगस्त.** ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई एक बार फिर खूनी मोड़ पर पहुंच गई है. गुरुवार, 21 अगस्त को हुए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 12 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. हमलों के पीछे के असंतुष्ट गुट और गल्फ क्लान ड्रग कार्टेल का हाथ बताया जा रहा है. कोलंबिया के एंटिओक्विया प्रांत में एक पुलिस हेलीकॉप्टर पर ड्रोन से हमला कर 12 पुलिस अधिकारियों की जान ले ली गई. ये अधिकारी कोकेन का कच्चा माल मानी जाने वाली कोका पत्ती की फसल नष्ट करने जा रहे थे. हेलीकॉप्टर पर हमले के समय वह खेतों के ऊपर उड़ान भर रहा था, तभी ड्रोन से विस्फोट कर उसे गिरा दिया गया.


# कांग्रेस वामपंथ के दबाव में : अमित शाह

**नक्सलियों के समर्थक हैं विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार : गृहमंत्री**

**तिरुवनंतपुरम, 22 अगस्त. उपराष्ट्रपति चुनाव की रेस जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है.**

केरल के कोच्चि में गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वामपंथ के दबाव में एक ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जो नक्सलियों के समर्थक हैं. शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी ने 2017 में सलवा जुडुम के खिलाफ जो फैसला दिया, वह देश के सुरक्षा तंत्र के खिलाफ था. अगर वह फैसला न होता, तो नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता, शाह ने जोर देते हुए कहा. उन्होंने यह भी जोड़ा कि कांग्रेस ने साउथ इंडिया में अपनी बची-खुची साख को भी खतरे में डाल दिया है. उन्होंने कहा, यह चुनाव साउथ बनाम साउथ नहीं है. उपराष्ट्रपति पूरे देश के होते हैं, यह क्षेत्रीय आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए. अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा कि सुदर्शन रेड्डी की विचारधारा वामपंथी है और केरल जैसे राज्य, जिसने नक्सलवाद का दंश झेला है, वहां के लोग इस बात को अच्छी तरह समझते हैं. उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन उम्मीदवार हैं.

> शाह ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के इस कदम से केरल में कांग्रेस की जीत की जो बची कुची संभावना थी वो भी खत्म हो गई. क्योंकि विपक्ष के प्रत्याशी सुर्दशन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम का जजमेंट दिया था और अगर ये जजमेंट न दिया गया होता तो वामपंथी नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। यही सज्जन हैं, जिन्होंने विचारधारा से प्ररित होकर सलवा जूडुम का जजमेंट दिया था। शाह ने कहा कि केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है.



# मिसाइलों की बरसात से इजरायल को चेतावनी

**नईदिल्ली, 22 अगस्त. ईरान ने एक बार फिर अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हिंद महासागर और ओमान की खाड़ी में एक दो दिवसीय सैन्य अभ्यास 'इक्तेदार 1404' शुरू कर दिया.**



इस अभ्यास में पनडुब्बियों, क्रूज मिसाइलों, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की तकनीकों का व्यापक प्रदर्शन किया गया. ईरान की नौसेना और एयरफोर्स के इस शक्ति प्रदर्शन को इजरायल और अमेरिका को चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है. ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईआरआईएस सबलान व गनवेह ने समुद्र में मौजूद लक्ष्यों को 'नासिर', 'कादिर' क्रूज मिसाइलों से सटीक निशाना बनाया. इसके साथ ही तटीय बैटरियों से भी जोरदार गोलाबारी की गई. ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह ने कहा कि अब देश के पास इजरायल पर पहले इस्तेमाल की गई मिसाइलों से बेहतर हथियार हैं. यह अभ्यास ऐसे समय हो रहा है जब जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन तक चले टकराव के बाद दोनों देशों में तनाव अभी भी बना हुआ है. ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के सैन्य सलाहकार ने बयान दिया.

# राहुल का मतदाता अधिकारों को लेकर जनसंवाद

**मतदाता अधिकार यात्रा बिहार के जमालपुर पहुंची**

**राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी हुए शामिल**


**मुंगेर, 22 अगस्त. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा आज छठे दिन बिहार के जमालपुर और मुंगेर पहुंची. इस यात्रा का उद्देश्य देशभर में मतदाता सूची में कथित धांधली और मतदाता अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना है.**

राहुल गांधी के साथ मतदाता अधिकार यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी शामिल रहे.



> दोनों नेताओं ने मुंगेर स्थित ऐतिहासिक खानकाह मस्जिद का दौरा किया और वहां मुस्लिम समुदाय के प्रमुख विद्वानों से मुलाकात की. यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी. लोगों ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया और लोकतंत्र और वोटिंग अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर उनके रुख का समर्थन किया. यात्रा के अगले पड़ाव में राहुल गांधी बिहार के अन्य जिलों का दौरा करेंगे और मतदाता अधिकारों को लेकर जनसंवाद जारी रखेंगे.

## एक नजर में



### साउथ अमेरिका-अंटार्कटिका में भूकंप

**दक्षिण अमेरिका, 22 अगस्त.** अंटार्कटिका के बीच स्थित ड्रेक पैसेज में शुक्रवार सुबह एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.5 मापी गई. भूकंप समुद्र के भीतर आया और इसके चलते सुनामी की कोई चेतावनी नहीं दी गई है. शुक्रवार की सुबह भारतीय समयानुसार 7.46 बजे, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका के बीच ड्रेक पैसेज में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए. प्रारंभिक रिपोर्ट में इसे 8.0 तीव्रता का भूकंप बताया, लेकिन बाद में इसे संशोधित कर 7.5 कर दिया गया. भूकंप का केंद्र समुद्र की सतह से 10.8 किलोमीटर नीचे बताया गया है. ड्रेक पैसेज, दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीप समूह के बीच का समुद्री क्षेत्र है, जहां अक्सर टेक्टॉनिक प्लेट्स की हलचल देखी जाती है. राहत की बात यह है कि वैज्ञानिकों के अनुसार इस भूकंप के बाद सुनामी की कोई संभावना नहीं है. भले ही झटके तेज थे, लेकिन उनका असर तटीय इलाकों पर गंभीर नहीं रहा. अब तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं आई है, लेकिन चिली और अर्जेंटीना के भूकंप निगरानी केंद्र स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. इस इलाके में टेक्टॉनिक प्लेट्स की लगातार हलचल के कारण भूकंप सामान्य माने जाते हैं, लेकिन 7.5 जैसी तीव्रता की घटनाएं सतर्कता की मांग करती हैं.

### ऑपरेशन सिंदूर काफी था उन्हें समझाने को!



**नईदिल्ली, 22 अगस्त.** रक्षा मंत्री ने ट्वीट कर पाक सेना प्रमुख की बयानबाज़ी पर तीखी प्रतिक्रिया दी, कहा- भारत सिर्फ समृद्धि ही नहीं, बल्कि 'फाइटिंग स्पिरिट' से भी भरपूर है. भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक कड़ा बयान जारी करते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख की हालिया टिप्पणी पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक ऐसी कबीलाई और लुटेरी मानसिकता की तरफ इशारा किया है, जिसका शिकार पाकिस्तान अपने जन्म से रहा है. राजनाथ सिंह ने अपने ट्वीट में पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में चेताया और लिखा कि हमें पाकिस्तानी सेना के इस भ्रम को तोड़ना होगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि भारत न केवल आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से शक्तिशाली है, बल्कि अपनी रक्षा क्षमता और राष्ट्र सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है.

## मलेशिया में अमेरिकी हॉर्नेट जेट क्रेश

**मलेशिया, 22 अगस्त.** एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब अमेरिकी एफ-18 हॉर्नेट फाइटर जेट टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद ही क्रैश हो गया. आग लगने के बावजूद दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए. मलेशिया के कुआंतन शहर में गुरुवार रात एक एफ-18 हॉर्नेट फाइटर जेट टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह हादसा रात 9 बजे सुल्तान हाजी अहमद शाह एयरपोर्ट से उड़ान भरते समय हुआ. वायुसेना प्रमुख जनरल दातुक सेरी मुहम्मद ने पुष्टि की कि जेट में आग लगने के बाद पायलटों ने तुरंत इजेक्ट कर खुद को बचाया. हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.

# देश के 26 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

## आफत : मुंबई में येलो अलर्ट जारी, उत्तरकाशी में मलबा रोक रहा यमुनोत्री यात्रा

**नईदिल्ली, 22 अगस्त. देश भर में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अगले कुछ दिनों तक भारी से अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है. इसमें दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, असम और उत्तराखंड जैसे राज्य शामिल हैं.**

कोंकण, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश का अनुमान है. वहीं कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और केरल में भी तेज बारिश की संभावना जताई गई है. मध्य और पूर्व भारत जैसे छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, बंगाल और बिहार में भी अगले 48 घंटे नमी से भरपूर और खतरनाक रह सकते हैं. पूर्वोत्तर भारत भी इससे अछूता नहीं है. असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है. वहीं उत्तर भारत में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते भूस्खलन और बाढ़ की आशंका बढ़ गई है.



> मुंबई में लगातार छह दिन से हो रही बारिश के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है. यहां जलभराव, ट्रैफिक जाम और ट्रेन-फ्लाइट्स की आवाजाही में बाधाएं आ रही हैं. उत्तरकाशी (उत्तराखंड) में हालात बेहद गंभीर हैं. यमुनोत्री हाईवे मलबे के कारण बंद हो गया है और यमुना नदी के बहाव में रुकावट आने से एक अस्थायी झील बन गई है. धाम की यात्रा रोक दी गई है और राहत-बचाव कार्य में और की टीमें जुटी हुई हैं.

## आज का इतिहास

1320 नसीरुद्दीन खुसरू को गाजी मलिक ने हराया

1639 ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई की स्थापना की.

1818 भारत के प्रथम गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग का निधन.

1848 अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर क़ब्ज़ा किया.

1849 इतिहास का पहला हवाई हमला ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से किया.

1851 ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई.

# अमेरिका में वीजा धारकों पर संकट गहराया

**विदेश विभाग कर रहा 5 करोड़ लोगों के रिकॉर्ड की जांच**

**वाशिंगटन, 22 अगस्त. अमेरिका में वीजा लेकर रह रहे करीब 5.5 करोड़ लोगों पर ट्रंप प्रशासन की कड़ी नजर है. अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वह इन सभी वीजा धारकों के रिकॉर्ड की जांच कर रहा है कि कहीं उन्होंने आव्रजन नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया.**

यदि कोई दोषी पाया गया तो उसका वीजा रद्द कर उसे उसके देश निर्वासित किया जा सकता है. इस फैसले के तहत अमेरिका ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों के लिए वीजा जारी करना तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है. भारत के हरजिंदर सिंह द्वारा किए गए एक हादसे, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई, इस फैसले की बड़ी वजह बना. ट्रंप प्रशासन जनवरी से ही वीजा की प्रक्रिया को सख्त कर रहा है. हर वीजा अप्लिकेंट को पर्सनल इंटरव्यू देना अनिवार्य कर दिया गया है. छात्र, वर्कर और एक्सचेंज वीजा होल्डर्स की भी गहन जांच हो रही है.



# लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ी गई ब्लैकलिस्टेड थाई महिला

**फर्जी पासपोर्ट से कर रही थी फरार होने की कोशिश**

**लखनऊ, 22 अगस्त. पहले भी पकड़ी गई थी थाई महिला, बिना केस दर्ज छोड़ा गया.**

सनसनीखेज मामले में इमीग्रेशन अधिकारियों ने एक ब्लैकलिस्टेड थाई महिला को गिरफ्तार किया. महिला के पास से तीन फर्जी पासपोर्ट, दो थाई ड्रूष्ठ और बदले हुए नाम के दस्तावेज मिले. यह गिरफ्तारी देश की सुरक्षा व्यवस्था और सिस्टम की गंभीर खामियों को उजागर करती है. लखनऊ एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन अधिकारियों ने सतर्कता दिखाते हुए एक थाई महिला को गिरफ्तार किया, जो फर्जी दस्तावेजों के सहारे बैंकॉक जाने की फिराक में थी. महिला की पहचान थोंगफुन चायफा उर्फ डारिन चोकथनपट के रूप में हुई, जो पहले से ही भारत में ब्लैकलिस्टेड थी. मार्च 2025 में उसे एग्जिट परमिट पर भारत से निकाला गया था, लेकिन 31 जुलाई को वह रक्सौल बॉर्डर के रास्ते नेपाल से भारत में घुस आई.



# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**1.7 करोड़ रुपये के सरकारी धन के गबन का आरोप**

**श्रीलंका, 22 अगस्त. पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है.**

गिरफ्तारी उनकी 22 और 23 सितंबर 2023 को हुई एक निजी विदेश यात्रा से जुड़ी जांच के दौरान हुई है. आरोप है कि उन्होंने लगभग 1.7 करोड़ रुपये सरकारी धन का निजी इस्तेमाल किया. विक्रमसिंघे अपने कार्यकाल के दौरान दस लोगों के साथ लंदन में विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेने गए थे. हालांकि यह यात्रा निजी बताई गई थी, लेकिन जांच में पता चला है कि इस यात्रा के लिए सरकारी फंड का इस्तेमाल किया था. इस मामले में सीआईडी की जांच तेज हो गई है. इससे पहले इस मामले में पूर्व राष्ट्रपति के सचिव समन एकनायके और निजी सचिव सैंड्रा परेरा के बयान दर्ज किए थे.



**हमला** **अमेरिकी कंपनी की फैक्ट्री को बनाया निशाना**

# रूस ने 574 मिसाइलें और ड्रोन यूक्रेन पर बरसाई

**मास्को, 22 अगस्त. रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष एक बार फिर भीषण रूप ले चुका है. रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में फ्लेक्स लिमिटेड नामक अमेरिकी कंपनी की फैक्ट्री को निशाना बनाते हुए दो क्रूज मिसाइलें दागीं.**

इस हमले को अब तक के सबसे बड़े रात्रिकालीन हवाई हमलों में गिना जा रहा है. रूस ने कुल 574 मिसाइलें और ड्रोन यूक्रेनी धरती पर बरसाईं. रूस-यूक्रेन युद्ध की आग एक बार फिर भड़क उठी है. शांति समझौतों की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए रूस ने गुरुवार रात यूक्रेन पर जोरदार हवाई हमला किया. इस हमले में विशेष रूप से अमेरिकी कंपनी फ्लेक्स लिमिटेड की फैक्ट्री को निशाना बनाया गया. यह फैक्ट्री यूक्रेन के पश्चिमी इलाके में स्थित थी और घरेलू उपकरण निर्माण का कार्य करती थी. स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले के समय फैक्ट्री में लगभग 600 कर्मचारी मौजूद थे.



> रूसी मिसाइल हमले में एक अमेरिकी निवेश को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बन गया है. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, यह हमला किसी सैन्य ठिकाने पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के रोजगार पर था. यह स्पष्ट संकेत है कि रूस शांति वार्ता में गंभीर नहीं है. गौरतलब है कि इस हमले से कुछ दिन पहले ही अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेंस्की से अलग-अलग

## चीन में निर्माणाधीन पुल का केबल टूटा, 4 की मौत

**शीनिंग, 22 अगस्त.** चीन के उत्तर-पश्चिमी किंघई प्रांत में सिचुआन-किंघई रेलवे लाइन पर शुक्रवार तड़के निर्माणाधीन पुल का केबल टूटने से चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य 12 लापता हैं. सूत्रों के अनुसार पीली नदी पर यह पुल स्टील केबल से बन रहा है. इसके मुख्य भाग के इस महीने के अंत तक पूरा होने की उम्मीद थी लेकिन आज अचानक से केबल टूटने से पुल में काम कर रहे चार लोगों की मौत हो गयी अन्य 12 लापता हो गये. लापता लोगों की तलाश जारी है. चीन के किंघई प्रांत में शुक्रवार को पुल निर्माण के दौरान स्टील केबल टूटने से छह लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य लापता हो गए.

# ताइवान पर भारत की सफाई से बौखलाया चीन

**बीजिंग बोला- दोनों देशों के संबंधों में खटास की आशंका**

**बीजिंग/नई दिल्ली, 22, अगस्त. भारत और चीन के बीच हालिया कूटनीतिक बातचीत के बाद ताइवान का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में है.**

चीनी विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हुई बातचीत में ताइवान को लेकर भारत के रुख पर हैरानी जताई है. चीन ने दावा किया कि भारत की स्थिति तथ्यों से असंगत है और यह कथनी और करनी में अंतर दिखाता है. जयशंकर और वांग यी की बैठक के बाद चीन ने बयान जारी किया जिसमें कहा भारत ने एक-चीन नीति का समर्थन किया है.



चीनी प्रवक्ता माओ निंग ने भारत के इस रुख को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि भारत के कुछ लोग चीन की संप्रभुता को कमज़ोर करना चाहते हैं. भारत और ताइवान के औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन दोनों के बीच व्यापार और तकनीकी सहयोग लगातार बढ़ रहा है. ताइवान आज विश्व का प्रमुख सेमीकंडक्टर निर्माता है, जो भारत की टेक्नोलॉजी जरूरतों के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है. चीन, जो ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, भारत से बार-बार 'एक-चीन नीति' की खुली पुष्टि चाहता है.